दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल: वर्ष 40 अंक 42,पृष्ठ 12)
गुरुवार 9 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमत: 3:00 रुपये


**तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.4° | 3.6° |
| इंदौर | 24.5° | 6.6° |
| जबलपुर | 21.2° | 7.0° |
| ग्वालियर | 23.3° | 6.6° |



राजधानी... युवा शक्ति राष्ट्र विकास को देगी नई ...


खेल... मलेशियाई ओपन 2025 एचएस प्रणय ने जीत के ...


व्यापार... इरेडा को लगातार चौथे वर्ष समझौता ज्ञापन...


देश-विदेश... चीन बना दुनिया के लिए खतरा ...



www.naiduniaonline.com


## खास-खबरें

### मुर्मू आज से मेघालय, ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार से मेघालय और ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, पहले दिन वह मेघालय के उमियम में पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए आईसीएआर अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 10 जनवरी को मुर्मू ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

### भारत में एचएमपीवी के 9 केस, मुंबई में संक्रमित हुई 6 माह की बच्ची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन में कहर मचा रहे कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के मामले अब भारत में मिलने लगे हैं. देश में अब तक इसके 9 केस सामने आए हैं. नौंवा केस बुधवार को मुंबई में मिला है. यहां 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाई गई है। बच्ची 1 जनवरी से बीमार चल रही थी। खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल 84प्रतिशत तक गिरने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि, अब वह ठीक है। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है. अब तक महाराष्ट्र में एचएमपीवी के 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में 1-1 केस मिला है। केंद्र सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को पहले ही कह दिया है कि हमें समय-समय पर ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस वायरस से संबंधित अपडेट देते रहना चाहिए।

आंध्र प्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन

# आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन और प्रतिबद्धता है : मोदी

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।**

**प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य राज्य के बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्था और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने विशाखापत्तनम में पीएम मोदी का अभिनंदन किया।**

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। जब आंध्र की ये संभावनाएं पूरी होंगी तभी प्रदेश और देश का विकास होगा। इसलिए, आंध्र का विकास, ये हमारा विजन है। आंध्र के लोगों की सेवा, ये हमारा संकल्प है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश अपने नवीन प्रकृति के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा हब है। अब समय है, आंध्र नई भविष्य की प्रौद्योगिकियाँ का सेंटर बने। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश ने 2047 तक राज्य को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए स्वर्ण आंध्र 2047 की शुरुआत की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार राज्य को पूरा सहयोग देगी। उन्होंने



कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवीन भावना के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख केंद्र है। अब आंध्र के लिए नई, भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनने का समय आ गया है। हमें उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे हरित हाइड्रोजन के उपयोग में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

मोदी ने कहा कि 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया। हमारा लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसके लिए शुरुआत में दो हरित हाइड्रोजन हब शुरू किए जाएंगे। इनमें से एक हब विशाखापत्तनम में स्थापित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शहरीकरण को एक अवसर के रूप में देखती है। हम आंध्र प्रदेश को नए जमाने के शहरीकरण का उदाहरण बनाना चाहते हैं। उसी दृष्टि को साकार करने के लिए आज कृष्णापट्टनम इंडस्ट्रियल सिटी की आधारशिला रखी गई है। हम समुद्र से जुड़ी अवसर के पूरे इस्तेमाल के लिए नीली अर्थव्यवस्था को मिशन मोड में बढ़ावा दे रहे हैं। आंध्र के हमारे मत्स्य पालन से जुड़े भाई-बहनों की इनकम और बिजनेस बढ़े, हम इस दिशा में पूरी संवेदनशीलता से काम कर रहे हैं। हमने मछुआ को किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई है। हम समुद्र में सुरक्षा के लिए भी अहम कदम उठा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि 60 साल के अंतराल के बाद देश में तीसरी बार कोई सरकार चुनी गई है और सरकार बनने के बाद ये मेरा पहला आधिकारिक कार्यक्रम है और आपने जो शानदार स्वागत किया, जिस तरह से लोग आज रास्ते में मुझे आशीर्वाद दे रहे थे और एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने भाषण में सारे छक्के मार दिए हैं। मैं उनके हर शब्द की भावना का, उनकी भावना का आदर करता हूं और मैं आंध्र प्रदेश के लोगों को, देशवासियों को भरोसा देता हूं कि आज चंद्रबाबू जो भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं, हम सब मिलकर उन लक्ष्यों को जरूर प्राप्त करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ एक छोटा रोड शो किया। इस दौरान भारी तादात में लोग इकट्ठे हुए और नेताओं पर फूल (शेष पेज 2 पर)

# मप्र में उत्तर भारत से आई बर्फीली हवाओं ने ठिठुराया

**भोपाल (काप्र)।**

**मध्य प्रदेश में एक बार फिर कड़ाके की ठंड ने दस्तक दी है। प्रदेश के कई जिलों में शीत लहर चल रही है। घने कोहरे छाए रहने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कुछ जिलों में बर्फीली हवाएं चलने से ठिठुरन की स्थिति बन रही है।**

राजधानी भोपाल से लेकर जबलपुर और ग्वालियर सहित कई शहरों में तो दिन के तापमान में बड़ी गिरावट आई है। दिन के तापमान में गिरावट आने के कारण लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा है। प्रदेश में सबसे ठंडा जिला रीवा रहा, यहां दिन का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा। ग्वालियर में 18.4 डिग्री सेल्सियस इंदौर में 22.01, उज्जैन में 22.5 और जबलपुर में 21.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। भोपाल में दिन का तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो की एक दिन पहले से 6.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट है। अन्य शहरों की अधिकतम तापमान को देखें तो पचमढ़ी में 19.2, धार में 21.6, गुना में 21.3, रायसेन में 23.02, रतलाम में 22.5, नौगांव में 19.8, सिवनी में 23.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ।मौसम विशेषज्ञों ने जानकारी देते हुए बताया कि उतरी भारतीय राज्यों में इन दोनों शानदार तरीके से बर्फबारी हो रही है। जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भी काफी बर्फ गिर (शेष पेज 2 पर)

### तमिलनाडु के ऊटी में तापमान 0 डिग्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण पूरे उत्तर भारत में तेज सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने बुधवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, समेत 9 राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 72 घंटे में ठंड से 29 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटे में ही 4 लोगों ने दम तोड़ दिया। यहां 16 जिले में कोल्ड डे का अलर्ट है। 2 दिन बाद कई जिलों में बारिश और ओले भी गिर सकते हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के भी 35 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के नागौर में तापमान 2.5 डिग्री तक पहुंच गया। तमिलनाडु के उदगमंडलम (ऊटी) में एवलांच भी आया। यहां तापमान 0डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। इसके कारण कंथल और थलाईकुंठा जैसे इलाकों में पाले की स्थिति है। देश के 17 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। दिल्ली में बुधवार सुबह कुछ जगहों पर जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। इससे कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हुईं। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण सड़कों पर कई फीट बर्फ जमी हुई है। श्रीनगर-लेह रोड, मुगल रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड बर्फबारी के कारण बंद हैं।

मोदी के नेतृत्व में उठाए गए कदम

## प्रगति को बढ़ावा देने में मददगारः जयशंकर

**भुवनेश्वर (एजेंसी)। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं।**



स्वच्छ भारत अभियान, बेटी पढ़ाओ अभियान, आवास योजना, अन्न योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

डा. जयशंकर बुधवार को यहां शुरु हुए तीन दिवसीय 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार के जरिए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। यह समय है जब युवा अपने अनुभव साझा करें, दूसरों को प्रेरित करें और एक नई सोच के साथ समाज के लिए नए मॉडल प्रस्तुत करें। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। वदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने स्वागत (शेष पेज 2 पर)

## कांग्रेस ने लॉन्च की जीवन रक्षा योजना गारंटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने दिल्ली में सत्ता में आने पर बुधवार को जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रस्तावित योजना क्रांतिकारी साबित होगी।उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। मेरा मानना है कि यह देश के लिए भी जरूरी है। गहलोत ने यह भी कहा कि प्रस्तावित योजना दिल्लीवासियों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के वास्ते पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस घोषणा के दौरान पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का नारा होगी हर जरूरत पूरी, कांग्रेस है जरूरी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया।






अवैध बांग्लादेशियों के बनाए गए

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्रः फडणवीस

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को मालेगांव में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को जारी किए गए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के बारे में भाजपा नेता किरीट सोमैया के आरोपों की एसआईटी जांच के आदेश दिए है। महाराष्ट्र गृह विभाग ने बताया कि एसआईटी का नेतृत्व नासिक के डीआइजी करेंगे और जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी एसआईटी में होंगे। एसआईटी जांच कर समस्या पर अंकुश लगाने के उपायों के साथ रिपोर्ट देगी।



## महाकुंभ आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतिबिंबः योगी

**लखनऊ (एजेंसी)। सनातन धर्म को दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।**



एक निजी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री योगी ने बुधवार को कहा कि सनातन धर्म की तुलना किसी मत मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती और इसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्राचीन हैं। देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन (शेष पेज 2 पर)

**स्पेशल खबर** *विशाखापट्टनम में लगेगी सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट .....*

## सीजेआई समेत 25 जज न्यायपालिका के मुद्दों पर करेंगे मंथन

**नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में एक नई पहल शुरू की है. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट के 25 जज दो दिनों तक आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में चिंतन करेंगे।**

खास बात ये है कि ऐसा अदालती खर्च पर नहीं होगा, बल्कि जज अपना एलटीसी लेकर वहां जाएंगे। इस दौरान छुट्टी मनाने के साथ जज सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका से जुड़े कई मुद्दों पर विचार करेंगे. अभी तक इस तरह सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में ही विचार होता रहा है।



पहली बार सुप्रीम कोर्ट के इतने जज 10 जनवरी की रात को वहां पहुंचेंगे। इसके बाद 11 जनवरी और 12 जनवरी को सीजेआई संजीव खन्ना और बाकी जज न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका से जुड़े कई मुद्दों पर विचार करेंगे, बल्कि अपने परिवारों के साथ कई पर्यटन स्थलों पर भी जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में 11 से 14 जनवरी छुट्टी है। 11 और 12 जनवरी शनिवार और रविवार है, जबकि 13-14 जनवरी भी कोर्ट बंद रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के टॉप सूत्रों के मुताबिक,सीजेआई संजीव खन्ना ने विचार किया कि क्यों ना सभी जज देश के किसी हिस्से में चलें और वहां घूमने-फिरने के अलावा कुछ मुद्दों पर विचार भी किया जाए। सीजेआई खन्ना ने इसका जिक्र जस्टिस भूषण आर गवई और जस्टिस सूर्यकांत से किया। दोनों सीनियर जजों ने भी इससे सहमति जताई। जजों ने तय किया कि वो सीजेआई लेकर जाएंगे. अपने साथ परिवार को भी लेकर जाएंग। इसी दौरान विशाखापट्टनम जाने का कार्यक्रम तय किया गया।